राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर

अपील संख्या **6473 / 2022**

मुकेश कुमार शर्मा —अपीलार्थी

बनाम

राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर व अन्य

—प्रत्यर्थीगण

समक्ष :— चेतन राम देवड़ा, सदस्य
लेखराज तोसावड़ा, सदस्य

दिनांक :

पत्रावली सुनवाई हेतु प्रस्तुत हुई।

अपीलार्थी की ओर से कोई उपस्थित नहीं तथा प्रत्यर्थी विभाग की ओर से श्री सुरेश अग्रवाल प्रभारी अधिकारी उपस्थित। उन्होने निवेदन किया कि हस्तगत अपील प्रस्तुत किए जाने के पश्चात प्रत्यर्थी विभाग द्वारा अपीलार्थी का स्थानान्तरण द्वारा नवपदस्थापन किया जा चुका है (अनुलग्नक—आर / 1), जिसकी अनुपालना में अपीलार्थी द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुम्हारियावास, चाकसू में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यग्रहण कर लिया है और उन्होंने अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत अपील को स्वैच्छा से वापस लेने हेतु प्रत्यर्थी विभाग को निवेदन किया गया है (अनुलग्नक—आर / 2)। अतः अपील खारिज करने का निवेदन किया।

उक्त तथ्यों के दृष्टिगत अपील सारहीन होने के आधार पर खारिज की जाती है।

(लेखराज तोसावड़ा)
सदस्य

(चेतन राम देवड़ा)
सदस्य